KENDRIYA VIDYALAYA NO.2 AFS, GWALIOR

3 DAYs WORKSHOP ON **e-GRANTHALAYA** SOFTWARE FOR
AUTOMATION AND NETWORKING OF KVs LIBRARIES
IN ASSOCIATION WITH **NIC, NEW DELHI**

नईदुनिया | 02
ग्वालियर, मंगलवार 20 नवंबर 2012

तीन बार नेक्स्ट करने पर होगा इंस्टॉल

मंगलवार से केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो में एनआईसी नई दिल्ली के तत्वधान में ई-लाइब्रेरी की शुरुआत हुई।

ई-लाइब्रेरी

सिटी रिपोर्टर. ऑटो रंस सॉफ्टवेयर सिस्टम में सबसे पहले सीडी को इंसर्ट करें। सीडी इंसर्ट होने पर ऑटोमेटिक सॉफ्टवेयर ओपन होगा। इसके ओपन होते ही हाउ-टू-इंस्टॉल का ऑप्शन खुलेगा। इस ऑप्शन पर तीन बार क्लिक करने पर यह इंस्टॉल हो जाता है। कुछ ऐसे ही टिप्स दिल्ली एनआईसी के साइंटिस्ट रवि रंजन ने दिए। अवसर था केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो में ई-लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर पर तीन दिवसीय कार्यशाला का।

आगरा संभाग के उपायुक्त डॉ.जयदीप दास ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। साइंटिस्ट रवि रंजन और रामकृष्ण ने बताया कि सॉफ्टवेयर इंस्टॉल के बाद सात फीचर्स दिखेंगे। इसमें एडमिनिस्ट्रेशन, केटोलॉजी, सर्कुलेशन, सीरियल्स, बजटी, माइक्रो डॉक्यूमेंट्स और सर्च फीचर्स शामिल हैं। नेशनल इंफोमेटिक सेंटर नई दिल्ली इस साफ्टवेयर को जीरो कॉस्ट पर उपलब्ध करा रहा है। कार्यशाला में 38 केन्द्रीय विद्यालयों के लाइब्रेरियन भाग ले रहे हैं।

आत्मा होती है लाइब्रेरी

कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर संभाग उपायुक्त डॉ.जयदीप दास ने कहा कि लाइब्रेरी शिक्षण संस्थानों की आत्मा होती है। बच्चों के भविष्य निर्माण में इनका अहम योगदान है। लाइब्रेरी की सेवाओं के लिए नवीनतम तकनीक अपनाना जरूरी है। इसमें ई-लाइब्रेरी, पुस्तकालय की सेवाओं को बेहतर रूप प्रदान करने में सहायक है।

किसी भी हिस्से में हो अवलोकन

एक्सपर्ट ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ई-लाइब्रेरी साफ्टवेयर के माध्यम से देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में लाइब्रेरी का ऐसा नेटवर्क तैयार करना है। जिसके माध्यम से देश के किसी भी हिस्से में स्थित लाइब्रेरी में किताबों का अवलोकन ...ानकारी हासिल की जा सके।

CITY भास्कर
ग्वालियर, मंगलवार, 20 नवंबर, 2012 • 4

ई-लाइब्रेरी पर कार्यशाला आज

सिटी रिपोर्टर.ग्वालियर

संभागीय स्तर पर ई-लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 20 नवंबर से किया जा रहा है। केवी-2 में सुबह दस बजे से कार्यशाला केन्द्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली एनआईसी के अंतर्गत आगरा संभाग के तत्वावधान में की जाएगी। इसका शुभारंभ आगरा संभाग उपायुक्त जयदीप दास करेंगे। एनआईसी दिल्ली के वैज्ञानिक रवि रंजन व रामकृष्ण अकनूरी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यशाला में 38 विद्यालय के लाइब्रेरियन के साथ कम्प्यूटर टीचर भी शामिल होंगे। ई लाइब्रेरी से देश के सभी केंद्रीय विद्यालयों की लाइब्रेरी का नेटवर्क तैयार होगा।